दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 197 मुरादाबाद, 05 November 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में



संक्षिप्त समाचार

रैली में मोदी का स्केच लेकर पहुंची लड़की, प्रधानमंत्री ने खुद लिखा पत्र, कहा- देश सेवा में मेरी ताकत

कांकेर में एक चुनावी रैली के दौरान आकांक्षा ठाकुर द्वारा बनाए गए स्केच ने प्रधानमंत्री का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। दरअसल, चुनावी रैली के दौरान एक छोटी बच्ची पीएम का स्केच बनाकर लाई थी, जिसे उसने उन्हें उपहार में दिया था। अब पीएम ने बच्ची को पत्र लिखकर आभार जताया है। बच्ची का धन्यवाद किया पीएम मोदी ने पत्र लिखकर स्कूली छात्रा आकांक्षा ठाकुर को बताया कि उन्हें स्केच मिल गया है। उन्होंने बच्ची का धन्यवाद किया। पत्र में लिखा है, 'प्रिय आकांक्षा आप जो कांकेर की रैली में स्केच लेकर आई थीं, मुझे मिल गया है। इस स्नेहपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।' बेटियां ही देश का उज्ज्वल भविष्य पीएम मोदी ने पत्र में आगे लिखा, 'भारत की बेटियां ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। आप सभी से मिलने वाला यह स्नेह और अपनापन राष्ट्र की सेवा में मेरी ताकत है। हमारी बेटियों के लिए एक स्वस्थ, सुरक्षित और सुविधाओं से युक्त राष्ट्र का निर्माण ही हमारा लक्ष्य रहा है। छत्तीसगढ़ के लोगों से मुझे हमेशा बहुत प्यार मिला है।' कांकेर में एक चुनावी रैली के दौरान आकांक्षा ठाकुर द्वारा बनाए गए स्केच ने प्रधानमंत्री का ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। उन्होंने अपना भाषण रोककर बच्ची से स्केच के पीछे अपना पता लिखने को कहा था। पीएम ने बच्ची से वादा किया था कि वह उसे एक पत्र भेजेंगे। आखिरकार पीएम मोदी ने बच्ची से किया हुआ वादा पूरा कर ही दिया। ठाकुर ने दो नवंबर को रैली के बाद पत्रकारों से बात की थी। उसने बताया था कि हर कोई कह रहा था कि पीएम मोदी यहां आएंगे। इसलिए मैंने खुद उनका एक स्केच बनाया। बच्ची ने कहा था कि पीएम ने उससे कहा है कि वह एक पत्र भेजेंगे।

नेपाल में भूकंप से भीषण तबाही, राहत बचाव कार्य में भी आ रही मुश्किलें; अब तक 140 लोगों की मौत

नेपाल में शुक्रवार रात आए भूकंप से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर अब 140 हो गया है। जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले में भूकंप का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। राहत और बचाव कर्मियों ने मलबों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। नेपाल में शुक्रवार रात आए भूकंप ने भीषण तबाही मचाई है। यह भूकंप आठ साल में आया सबसे भीषण भूकंप है, जिसमें अब तक 140 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। भूकंप के बाद राहत और बचाव कर्मियों ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया है। नेपाल में भूकंप कब आया? नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, यह भूकंप शुक्रवार रात 11 बजकर 47 मिनट पर आया है। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.4 मापी गई। वहीं, जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियो साइसेंज ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.7 थी, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षम के अनुसार भूकंप की तीव्रता 5..6 थी।मरने वालों की बढ़ सकती है संख्या- न्यूज एजेंसी रायटर के मुताबिक, अधिकारियों ने आशंका व्यक्त की है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जाजरकोट जिले के अधिकारी हरीश चंद्र शर्मा के मुताबिक, घायलों की संख्या सैकड़ों में हो सकती है।भूकंप के समय सो रहे थे लोग- अधिकारियों ने बताया कि भूकंप की तीव्रता गंभीर नहीं थी, लेकिन क्षेत्र में निर्माण की खराब गुणवत्ता के कारण नुकसान और मरने वालों की संख्या अधिक होने की संभावना है। भूकंप आने के समय लोग सो रहे थे। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य धीमा होने की आशंका है, क्योंकि आपातकालीन टीमों को कई स्थानों पर भूस्खलन से अवरुद्ध हुई सड़कों को साफ करना होगा।भूकंप में मारे गए थे नौ हजार लोग- इससे पहले, 2015 में आए दो भूकंपों में करीब नौ हजार लोग मारे गए थे। पूरा कस्बा, सदियों पुराना मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थल तब मलबे में तब्दील हो गए थे। इसके साथ ही, 10 लाख से अधिक घर तबाह हो गए थे। जाजरकोट और रुकुम पश्चिम जिले में भूकंप का सबसे ज्यादा असर- अधिकारियों ने बताया कि करनाली प्रांत के जाजरकोट में 99 लोग मारे गए, जबकि 55 लोग घायल हुए। वहीं, रुकुम पश्चिम जिले में 38 लोग मारे गए, जबकि 85 लोग घायल हुए। भूकंप का केंद्र रमीडांडा गांव में था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप से जाजरकोट में तीन कस्बे और तीन गांव बुरी तरह प्रभावित हुए, जिनकी आबादी एक लाख 90 हजार है। भारत में भी दिखा भूकंप का असर- भूकंप के झटके लगभग 600 किमी दूर नई दिल्ली और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में महसूस किए गए, जिससे इमारतें हिल गईं और लोगों को सड़क पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में किसी तरह का नुकसान होने की खबर नहीं आई है। पीएम मोदी ने व्यक्त किया शोक- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह नेपाल में भूकंप से हुए जानमाल की हानि और क्षति से काफी दुखी हैं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ है।

सीएम योगी ने सुनी फरियाद, बोले- कब्जामुक्त कराएंगे जमीन, आवास भी बनवाएंगे

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री एक-एक करके सबके पास खुद गए और उनकी बात सुनी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन कब्जा किए जाने से जुड़ी शिकायतों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जाने वाले दबंगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। ऐसी ही एक शिकायत लेकर पहुंची महिला को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि उनकी जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ ही आवास भी बनवाया जाएगा। शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में जुटे करीब 300 लोगों से मिले। उन्होंने मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लोगों को भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। जिन्हें आवास की समस्या है उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में एक महिला ने मुख्यमंत्री को बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उसके पास पक्का आवास नहीं है, साथ ही जमीन पर दबंग ने कब्जा कर लिया है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द से जल्द जमीन कब्जा से मुक्त कराकर महिला को वापस दिलाने का आदेश दिया। सीएम योगी ने महिला से कहा, परेशान मत हों। जमीन खाली कराकर वापस तो दिलाएंगे ही, उस पर प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना से पक्का आवास भी बनवाएंगे। जमीन पर कब्जा संबंधी सभी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दबंगों व भू माफिया को करारा कानूनी सबक सिखाकर जमीनों को कब्जे से मुक्त कराएं। हर बार की तरह शनिवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद मिलेगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित की इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में भेजें। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को उन्होंने दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।



अमित शाह ने गिनाए कमलनाथ के घोटाले, बोले- इतनी उम्र हो गई, पेट नहीं भरा क्या?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के कथित घोटाले गिनाए। फिर कहा कि कमलनाथ जी, आपकी इतनी उम्र हो गई, पेट नहीं भरा क्या? अब और क्या करना चाहते हो? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर जमकर निशाने साधे। उन्होंने आरोप लगाया कि कमलनाथ ने साढ़े तीन सौ करोड़ का मोजरबेयर घोटाला किया। 2400 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में नाम आया। 600 करोड़ का इफ्को घोटाला किया। 25 हजार करोड़ रुपये की कर्जमाफी का घोटाला कमलनाथ ने किया। इतनी आयु हो गई, पेट नहीं भरा क्या? क्या करना है भाई! मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करैरा में शाह ने कहा कि कमलनाथ मध्य प्रदेश में डेढ़ साल रहे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने कुछ काम नहीं किए। उन्होंने यहां कमीशनखोरी का उद्योग स्थापित किया। ट्रांसफर इंडस्ट्री लगाने का काम किया। बेटा-दामादों के कल्याण का उद्योग स्थापित किया। भ्रष्टाचार की इंडस्ट्री लगाने का काम किया। शिवराज जी की 51 से ज्यादा गरीब कल्याण योजनाएं बंद कर दी। मुझे पता है कि कमलनाथ आने वाले नहीं हैं। भगवान न करें, कमलनाथ आ गया तो किसानों को 12 हजार मिलना भी बंद हो जाएगा। लाड़ली बहना योजना भी बंद हो जाएगी। शाह के साथ केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी जनसभाओं को संबोधित किया। शाह ने अपनी चुनावी सभाओं में 2003 के पहले रही दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कई साल तक मध्य प्रदेश को अंधेरे में रखा। बीमारू राज्य बनाकर रखा। दूसरी ओर भाजपा की सरकार ने मध्य प्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया। गरीबों, दलितों, शोषितों, वंचितों के कल्याण का काम किया। 20 साल पहले श्रीमान बंटाढार की सरकार थी तब सड़क ऐसी थी क्या? सिंचाई की व्यवस्था ऐसी हुई थी क्या? घर-घर बिजली आती थी क्या? 2003 में जब कांग्रेस मध्य प्रदेश छोड़कर गई तब यहां का बजट 23 हजार करोड़ रुपये का था। 2023 में मध्य प्रदेश सरकार का बजट तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक का था। हर साल एमएसएमई के चार हजार रजिस्ट्रेशन होते थे। आज यह रजिस्ट्रेशन बढ़कर तीन लाख से अधिक हो गए हैं। मेडिकल सीटें 620 थी, जो बढ़कर चार हजार से अधिक हो गई है। आईआईटी की सीटें बढ़ाई हैं। पर्यटक 64 लाख आते थे, अब नौ करोड़ आते हैं। यह पूरा परिवर्तन भाजपा की सरकार ने किया। राम मंदिर का निमंत्रण देने आया हूं शाह ने इस दौरान अयोध्या में बन रहे राम जन्मभूमि मंदिर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जहां भगवान राम का जन्म हुआ, वहां मंदिर बनना था या नहीं? कांग्रेस पार्टी 70 साल से मंदिर के प्रश्न को लटका, अटका और भटका रही थी। मोदी जी ने एक दिन सुबह चुपचाप जाकर भूमिपूजन किया। मैं तो निमंत्रण देने आया हूं। राहुल बाबा को जवाब देना चाहता हूं। 2019 में मैं भाजपा का अध्यक्ष था। राहुल बाबा पूरे देश में गदर मचाते थे। कहते थे कि- मंदिर वहीं बनाएंगे मगर तिथि नहीं बताएंगे। राहुल बाबा तिथि सुन लो। 22 जनवरी 2024 को दोपहर साढ़े 12 बजे रामलला प्रस्थापित होने वाले हैं। हमने सिर्फ अयोध्या मंदिर का काम नहीं किया। उज्जैन में महाकाल लोक और काशी विश्वनाथ का कॉरिडोर बनाया। सोमनाथ का मंदिर सोने का बन रहा है। बद्रीनाथ और केदारनाथ का भी पुनरोद्धार भी मोदी जी ने किया है। शाह बोले कि यहां सभी को कोरोना का टीका लगा है या नहीं? 25 पैसा भी देना पड़ा है क्या? कॉफी पिलाकर कोरोना टीका लगाया है। राहुल बाबा कहते थे कि यह टीका मत लो, यह मोदी टीका है। वह तो अच्छा है कि राहुल बाबा की किसी ने नहीं सुनी। एक दिन अंधेरे में जाकर उन्होंने भी टीका लगा लिया। कोरोना जैसी महामारी में भी कांग्रेस वाले राजनीति करते थे। 4सी फॉर्मूले पर चलती है कांग्रेस- शाह ने आरोप लगााय कि कांग्रेस पार्टी 4सी फॉर्मूले पर चलती है। करप्शन, कम्युनल दंगे, कमीशन और क्रिमिनल की पॉलिटिक्स करती है। मध्य प्रदेश को 4सी से निकालकर विकास की धारा में लाने के लिए भाजपा को वोट देना जरूरी है। कांग्रेस की सरकार थी तो केंद्र सरकार ने दस साल में दो लाख करोड़ रुपये मध्य प्रदेश को भेजे थे। मोदी जी ने नौ साल में सात लाख 25 हजार करोड़ रुपये मध्य प्रदेश को सिर्फ ग्रांट के रूप में भेजे हैं।

वो काले हो या पीले, सिंधिया के काला कौआ वाले बयान पर कमलनाथ का पलटवार; बोले- सब जानते हैं क्या सौदा किया

मध्य प्रदेश के चुनावी अभियान में भाजपा और कांग्रेस में वार-पलटवार चल रहा है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोला है। कमलनाथ ने कहा कि सिंधिया ने जो किया वो जनता ने देखा है। सिंधिया पर कसा तंज- सिंधिया ने बीते दिन कहा था कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में फर्जी ऋण माफी पत्र बांटे थे। इसपर आज पलटवार करते हुए कमलनाथ ने कहा कि सिंधिया भी ऋण माफी के प्रमाणपत्रों के वितरण के गवाह थे। सिंधिया काले हो यां पीला कौआ, हमें कुछ नहीं लेना- सिंधिया ने खुद को कांग्रेस के लिए काला कौआ बताया था, जिसपर कमलनाथ ने कहा कि सिंधिया कुछ भी कहें, सब जानते हैं कि उनकी क्या डील हुई।

सब जानते हैं कि उन्होंने हमारी सरकार से किस तरह का लाभ लिया और जनता को गुमराह किया। कमलनाथ ने कहा कि सिंधिया काले हैं या पीले, इसका जवाब मुझे नहीं देना है।सिंधिया ने खुद को बताया था काला कौआ- इससे पहले, शुक्रवार को अशोकनगर जिले में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, सिंधिया ने अपने पूर्व पार्टी सहयोगियों को लोकप्रिय बॉलीवुड गीत झूठ बोले कौवा काटे की याद दिलाई और कहा कि वह कांग्रेस के लिए काला कौआ थे कांग्रेस को उनसे डरना चाहिए। सिंधिया ने कहा, किसानों की कर्जमाफी के नाम पर 26 लाख फर्जी प्रमाणपत्र बांटे गए। उनमें से कुछ प्रमाणपत्र मैंने भी बांटे। एक पुरानी कहावत है, झूठ बोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो। मैं कांग्रेस के लिए काला कौआ हूं। 17 नवंबर को एमपी में चुनाव- बता दें कि मध्य प्रदेश उन पांच राज्यों में से एक है जहां 17 नवंबर को एक चरण में मतदान होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। मतदाता 230 विधानसभा क्षेत्रों से विधायक चुनेंगे।

संपादकीय Editorial

Corruption in investigating agencies

The Enforcement Directorate (ED) had summoned Delhi Chief Minister Kejriwal for questioning in the context of the liquor scam, but Kejriwal refused to appear, terming the summons as wrong and politically motivated. He also asked some questions whether the investigating agency has called him as the Chief Minister or the National Convenor of Aam Aadmi Party (AAP). ED had summoned him as a 'witness' or 'suspect'. What is the meaning of these statements of BJP leaders that Kejriwal can be arrested after interrogation, hence this summons has been sent as per the instructions of BJP! Kejriwal has also made it clear in the letter to ED that as the Chief Minister, he has a lot of government responsibilities and being the national leader of the party, the partymen of the states expect him to campaign in the elections. Hence he will not appear before the ED. Since this summons itself is illegal and vague, it should be withdrawn. Our news is that ED will send a fresh summons to Kejriwal. If needed, court intervention can also be sought. Kejriwal can reject three summons of ED. If he still does not appear, then ED will have to go to court for further action. ED has sent 5 summons to Jharkhand Chief Minister Hemant Soren, but he has not appeared even once. Nowadays, politicians have stopped taking ED's summons seriously, because the Supreme Court has decided that ED cannot arrest anyone in case of non-compliance of summons.

It is mandatory for him to come to the court. However, in the context of ED itself, an incident has happened in Rajasthan that the Anti-Corruption Bureau there has arrested an ED officer red-handed while taking a bribe of Rs 15 lakh. The officer had come to Rajasthan from Imphal (Manipur) so that a corruption case could be hush-up. Now Congress leaders are also raising the question that to what extent is the involvement of ED or CBI in the black boxes that are coming to Chhattisgarh and worth crores have been seized? Many cases of corruption have been exposed in investigating agencies. Due to this, distrust towards the government and investigating agencies is increasing and they are becoming questionable. The concern of the common man is increasing that the investigating agencies, which have the mandate to investigate corruption under the Constitution, are themselves tainted and in the dock. Recently, CBI had registered a case against an assistant director of ED in the payment case of Rs 5 crore. A few days ago, Assam Police had arrested a CBI officer, who was involved in a conspiracy to extort money from a businessman. In May last year, the CBI itself had arrested four of its own sub-inspectors on bribery charges. The list of such alleged corrupt cases is quite long. Prima facie it can be assumed that our major investigating agencies are also not clean.

This is a very serious situation, but it is wrong to believe that they cannot detect economic crimes and reach legal conclusions. In the context of Delhi liquor scam, the Supreme Court itself has said in its decision about profit of Rs 338 crore and alleged bribe given to a government public servant. Reference has also been made towards Hawala money trail. If former Deputy Chief Minister of Delhi Government Manish Sisodia and Rajya Sabha MP Sanjay Singh are in jail for 8 months and 28 days respectively and bail has been rejected till the top court, then why will the convenor of that party and the Chief Minister of the government not be responsible? For ED to reach this conclusion, it is very important to know Kejriwal's side. The investigating agencies have to face a two-pronged battle. Corruption must be exposed.

Cost of electoral concessions: Even today many policy questions remain in the background

During election season, political parties only make parade of promises. Concerns about policy questions are left in the background. But the common voter has to pay their price. Mao Zedong famously said, 'Power comes out of the barrel of the gun.' But in the Indian political scenario, the key to power lies in electoral concessions. The new tool used by the powers that be to show their love for the people is cash transfer. Of the five states going to polls this winter, four are relatively less industrialized and more populous. All political parties talk about employment, electricity, roads, water and development. But sadly, elections have now become a contest of competing promises, freebies and cash transfers. Women voters have emerged as game changers in this, to attract them there is a competition among political parties to make populist promises. Now take Madhya Pradesh only, where after Congress's promise of giving one and a half thousand rupees to women, the Shivraj Chauhan government has increased the cash transfer under Ladli Brahmin Yojana from one thousand to one and a half thousand rupees and increased it to three thousand rupees per month. Has also promised. At the same time, the Gehlot government of Rajasthan has promised to give an annual allowance of ten thousand rupees to women. In Telangana, K Chandrashekhar Rao has promised to give Rs 3,000 per month to women from eligible families. There is also a top-up strategy to woo voters. Under this, funds are provided by the states to the schemes already run by the Central Government. In India, more than 45 per cent of the population engaged in agriculture, which is forced to live on one-sixth of the national income, is also a constituency for political parties, where political parties consider it their duty to woo their voters. In 2018, Telangana and Odisha made efforts to increase farmers' income under schemes called Rythu Bandhu and Kalia. This idea was adopted at the national level as the Prime Minister Kisan Samman Nidhi, under which farmers get six thousand rupees. The political compulsion to increase compensation becomes clear from the figures. More than half of the families in more than 15 states depend on agriculture. Congress promised to increase Rythu Bandhu payment to Rs 15,000 and Rs 12,000 for agricultural labourers. Now where was KCR going to lag behind? He increased the Rythu Bandhu payment to Rs 16,000 annually. In Maharashtra too, a top-up scheme called Namo Shetkari Mahasamman has been launched to make additional payment of Rs 6,000 to eligible farmers. It is noteworthy that the expansion of cash transfer is visible with the registration of more than seven thousand codes by the states on the National Payments Corporation portal. This includes payments for schemes that are initiated by the Center but administered by the states. In addition, Central schemes with additional subsidization and schemes initiated by the States are also included. Earlier this year, the central government had reduced the prices of LPG by Rs 200. Subsidy on LPG cylinders has also been increased in election states. In Rajasthan, Telangana and Madhya Pradesh, cylinders are being given for Rs 500, 400 and 450 respectively. In May 2023, the Madhya Pradesh government had decided to waive interest on loans taken by farmers from cooperative societies. The state government also promised to pay interest payable on loans up to Rs 2 lakh taken by credit societies. More than 11 lakh farmers were expected to get relief from this scheme. In July the Congress promised that if it came to power, it would resume the loan waivers announced during its tenure. It is surprising that political parties do not even consider the need to consider the cost of the promises they make. The challenge of fulfilling election promises is reflected in the state budgets. For example, Karnataka had to set aside Rs 52 thousand crore for a guarantee issued before the elections. However, political parties do not seem to be concerned about this. The increase in willingness to spend and expenditure is probably due to the steady increase in Goods and Services Tax (GST) collections. Annual GST revenue collection has increased from Rs 7.18 lakh crore in 2017-18 to more than Rs 18.10 lakh crore in 2022-23. Collections for the first half of 2023-24 have increased by 11 per cent to Rs 9.92 lakh crore, averaging about Rs 1.6 lakh crore per month. In fact, the GST revenue of the states in the first half of this year stood at Rs 4.22 lakh crore as compared to Rs 3.68 lakh crore for 2022-23. Another source of funds is the tax levied by states on fuel, from which states collected more than Rs 3.2 lakh crore last year. Now it is important to understand that these free concessions also have a price. These costs are met by higher taxes, which voters have to pay in the form of GST or fuel prices, or in the form of additional borrowing, which increases inflation and interest rates. This leads to reduction in the supply of essential services. Widespread vacancies in health, education and police are proof of this. Non-development expenditure of state governments has increased to over Rs 14.18 lakh crore from Rs 10.63 lakh crore in 2020-21. Electoral concessions are actually like political paracetamol. The value of cash transfers and concessions Basic issues of the system affect livelihoods. There is a deep silence on issues like empowering agriculture, reforming land and labor laws. India's GDP is the sum of the growth of various states. But, states are rarely asked questions on economic issues. During election season, political parties only make parade of promises. Concerns about policy questions are left in the background.

Business: Emphasis on exports will help, many aspects are in favor to give impetus to the economy.

By increasing exports we can grow our economy faster. Stable government, stable economy, availability of workers are in India's favour. Due to the unprecedented contribution of various sectors, the Indian economy has currently reached 37.5 trillion dollars and the target is to take it to 50 trillion dollars. Obviously, rapid efforts will have to be made for this. The Indian economy is based more on domestic consumption rather than being export oriented. But the challenge is that considering the per capita income of Indians, it is difficult to achieve this target on the strength of domestic consumption alone. The only way for this is to promote exports in a big way. China's economy was once at par with ours, but only on the basis of exports it grew many times ahead of us. China presented an excellent example of supply chain management to promote its exports. Built big ports, airports and highways. He not only took the help of technology but also streamlined the bureaucracy, so that there was no hindrance in exports. After this, through political efforts he took huge export orders. Due to large-scale production, China was able to sell goods at very cheap rates, which led to the stagnation of domestic production in many countries, as the goods produced in those countries could not compete with Chinese goods in terms of prices. This happened to a large extent in India also and thousands of small factories came up here too. Therefore, we need to learn many things from China to increase our exports. A lot of work is being done on infrastructure in our country. Along with the development of highways and ports, many new airports are also being built, which will ease the movement of goods. Dr. Ajay Sahay, Director General and CEO of Indian Export Promotion Council, says that we have to change the nature of exports and look at the trends around the world. This is the age of technology and what we are exporting is traditional. He says that now the market for export of technological goods has become very big and our contribution in it is not even one percent, whereas this market is worth seven billion dollars. By making efforts in this direction, we can increase our exports significantly. Our exports are increasing in electronic PMI, mobile phones are a big example of this. Apart from this, we are also ahead in the pharma sector. Not only this, the global companies who want to come to India will also export from here. With their coming to India, exports will increase, as we are seeing in the automobile sector. India's exports are also increasing in the pharma sector. Ajay Sahay says that Profit Linked Incentive (PLI) is applicable in 14 sectors, which provided support to those sectors. Tax is high in some sectors, but it is likely to reduce in the future. India is a big exporter of agricultural products. Our agricultural exports have increased to 52 billion dollars. Agricultural exports can be doubled by increasing. But there are many challenges in its path. The Government of India has imposed various restrictions on the export of Basmati rice, pulses, wheat, sugar, long grain white rice etc. to control the prices, which is affecting our exports. Importers are now buying rice from Vietnam, Thailand, Pakistan etc. According to the latest news, the government will export 12 lakh tonnes of long grain rice to 11 countries through National Cooperative Exports Limited. Experts say that due to this, small rice mills and exporters will have to suffer huge losses. On the other hand, America and Europe want some other country to replace China in the world market. This is a big opportunity for India. India has improved its position in the Ease of Doing Business Index. A report said that stable government, stable economy and availability of workers are in India's favor. All this makes doing business in India easier. Due to work on infrastructure, improvement in tax laws and business rules and regulations, investment is increasing here, which will yield benefits in the times to come. This is the age of technology and what we are exporting is traditional. He says that now the market for export of technological goods has become very big and our contribution in it is not even one percent, whereas this market is worth seven billion dollars. By making efforts in this direction, we can increase our exports significantly. Our exports are increasing in electronic PMI, mobile phones are a big example of this. Apart from this, we are also ahead in the pharma sector. Not only this, the global companies who want to come to India will also export from here. With their coming to India, exports will increase, as we are seeing in the automobile sector. India's exports are also increasing in the pharma sector. Ajay Sahay says that Profit Linked Incentive (PLI) is applicable in 14 sectors, which provided support to those sectors. Tax is high in some sectors, but it is likely to reduce in the future. India is a big exporter of agricultural products. Our agricultural exports have increased to 52 billion dollars. Agricultural exports can be doubled by increasing. But there are many challenges in its path. The Government of India has imposed various restrictions on the export of Basmati rice, pulses, wheat, sugar, long grain white rice etc. to control the prices, which is affecting our exports. Importers are now buying rice from Vietnam, Thailand, Pakistan etc. According to the latest news, the government will export 12 lakh tonnes of long grain rice to 11 countries through National Cooperative Exports Limited. Experts say that due to this, small rice mills and exporters will have to suffer huge losses. On the other hand, America and Europe want some other country to replace China in the world market. This is a big opportunity for India. India has improved its position in the Ease of Doing Business Index.

अजीत प्रकरण : 21 मिनट तक पत्नी से बातचीत के बाद मार ली गोली

मुरादाबाद- करवाचौथ की रात सीओ कोतवाली देश दीपक सिंह के गनर अजीत कुमार की कमरे पर जाकर 21 मिनट तक पत्नी चंचल से फोन पर बात हुई थी। इसी के बाद उसने सरकारी एके-47 राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस बात का खुलासा उसके हेड कांस्टेबल पिता पवन कुमार ने किया है। इनके मुताबिक, पहले बेटे ने अपनी मां, बड़े भाई और उनसे भी फोन पर बात की थी। फिर पत्नी को फोन मिलाया था। बहू से बेटे की हुई बात की टाइमिंग पवन कुमार को नागफनी थाना पुलिस से पता चली है। अब वह सोमवार को मुरादाबाद आकर आरोपी बहू, उसके माता-पिता के विरुद्ध कार्रवाई को तहरीर देंगे। मृतक के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने बुधवार रात 8:30 बजे के दौरान उनको कॉल कर बातचीत की थी। उनका बच्चा काफी खुश प्रतीत हो रहा था। फिर उसने मां और बड़े भाई अनुज से भी फोन कर बातचीत की। इस दौरान उसका रूम पार्टनर कांस्टेबल गौरव भी उसके साथ था। रात में ड्यूटी पर गौरव के जाने के बाद उनके बेटे ने 10:15 बजे के दौरान पत्नी चंचल को फोन मिलाया, क्योंकि उस दिन करवा चौथ भी था। अब बहू चंचल और बेटे के बीच फोन पर क्या बातचीत हुई यह तो अभी पवन कुमार को पता नहीं चल पाया है लेकिन, उन्हें नागफनी थाना पुलिस से इतना जरूर मालूम हुआ है कि बेटे और बहू के बीच फोन पर बातचीत 10:15 बजे से 10:36 बजे तक चली है। इस तरह लगभग 21 मिनट तक बहू- बेटे में बात हुई है। इस दौरान बहू और बेटे में ऐसी क्या बात हुई कि उनका बेटा अजीत आत्महत्या करने को मजबूर हो गया, यह उन्हें अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक कांस्टेबल के पिता पवन कुमार ने यह भी बताया कि उनके बेटे का मोबाइल नागफनी थाना पुलिस के पास है। अब इस मोबाइल पर उसकी पत्नी से क्या बात हुई है, यह जांच के बाद ही पता चलेगा और तभी उसकी मौत का कारण स्पष्ट होगा।

बहू और उसके माता-पिता बेटे को देते थे धमकी

कांस्टेबल के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने दावा किया कि यह घटना बेटे की ससुराल वालों को भी मालूम है लेकिन, पत्नी और उसके मां-बाप ने फोन पर एक कॉल तक नहीं की। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले बेटे अजीत की शादी की थी। अभी उसके कोई संतान नहीं थी। शादी के कुछ ही समय बाद उसकी पत्नी से विवाद होने लगा था। इस विवाद में उसकी सास और ससुर भी हस्तक्षेप कर रहे थे। 9 महीने पहले बहू जेवर व अन्य कीमती सामान लेकर मायके चली गई थी, उसके बाद से दोबारा ससुराल में नहीं लौटी। आए दिन उनके बेटे से फोन पर बहस होती थी। बहू के माता-पिता भी फोन कर बेटे को तमाम तरह की धमकी देते थे।

ससुर ने बहू के चरित्र पर भी उठाए सवाल

मृतक कांस्टेबल अजीत के पिता ने बहू के चरित्र पर भी सवाल उठाए हैं।

हालांकि उन्होंने बहुत कुछ तो नहीं कहा लेकिन, इतना जरूर बताया की बहू चरित्र से ठीक नहीं है और यही बात उनके बेटे को पसंद नहीं थी। जिस कारण आए दिन विवाद होता रहता था।

साइबर ठगी पर अंकुश को 10 वर्ष के मामलों की हो रही समीक्षा

मुरादाबाद- साइबर क्राइम के मामलों में दिन पर दिन इजाफा होता जा रहा है। जालसाजों की सक्रियता से लोगों को बड़े स्तर पर धनहानि हो रही है। चैटिंग, अश्लीलता व अन्य तरह के अपराधों में भी व्यापक स्तर पर वृद्धि हो रही है। ऐसे में सरकार ने भी गंभीरता दिखाई है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में एक-एक साइबर थाना बनाने को भी कह दिया है। यही नहीं, शासन के निर्देश पर अब पुलिस के उच्चाधिकारी पिछले 10 वर्ष में हुए श्रेणी वार साइबर क्राइम के संबंधित विवरण भी एकत्र कर रहे हैं। विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) सुभाष चंद्र ने जिलों में पत्र भेजकर कई बिंदुओं पर विस्तार से ब्योरा मांगा है। पिछले 10 वर्षों में हुए श्रेणीवार साइबर अपराध और उनमें कार्रवाई, सफलता संबंधी विवरण मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत करने की योजना है। इसके बाद साइबर क्राइम पर लगाम कसने को उच्च स्तर से योजना बनाए जाने की बात कही जा रही है। इन दिनों साइबर थाना और पुलिस लाइन साइबर क्राइम सेल में काम चल रहा है। पिछले वर्षों में कितनी घटनाएं दर्ज हुई हैं, उनमें कार्रवाई, रिकवरी, अपराधियों गिरफ्तारी और सजा आदि का विवरण संकलित किया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मैन पॉवर से लेकर जरूरी तकनीकी उपकरणों तक का अभाव है। कभी-कभी ठगे गए व्यक्ति के बैंक खाते को होल्ड या संबंधित अन्य कार्रवाई

में बैंकर्स के सहयोग का अभाव हो जाता है। अधिकारियों को उम्मीद बढ़ गई है कि विशेष पुलिस महानिदेशक को उपलब्ध कराया जाने वाले साइबर अपराध के विवरण का प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के सामने होगा तो निश्चित ही कोई बड़ी योजना बनेगी और मैन पॉवर एवं जरूरी उपकरणों का अभाव समाप्त होगा।

अपराध को लेकर जागरुकता की आवश्यकता

साइबर क्राइम थाना एवं सेल के विशेषज्ञ बताते हैं कि क्राइम की रोकथाम के सबसे पहले जरूरी है कि जिस तरह से मिशन शक्ति अभियान चल रहा है, उसी तरह लोगों को ऑनलाइन क्राइम के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। चूंकि ये क्राइम इंटरनेट के माध्यम से होता है और वर्तमान में लगभग सभी परिवारों में मोबाइल हैं। मोबाइल पर चैटिंग, संदिग्ध मैसेज या कोई लिंक आने और उसके क्लिक करने से लोग क्राइम का शिकार हो जा रहे हैं। जालसाज फोन कर क्रेडिट कार्ड, एटीएम संबंधी मामलों पर बात कर लोगों के खाते से रुपये चोरी कर ले रहे हैं। इंटरनेट पर अश्लीलता से जुड़े मामले भी अधिक हैं। जालसाज आइडी हैक कर ब्लैकमेल करते हैं।

उप शिक्षा निदेशक को भी जालसाजों ने ठगा

उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) द्वादश मंडल रविंद्र सिंह ने कहा, बढ़ते साइबर क्राइम का वे भी शिकार हो गए हैं। 10 अक्टूबर को उनके बैंक खाते से भी 21,000 रुपये चोरी हो गए। कॉल करने वाले ने एक ऑफर देकर कहा कि पैसे निवेश करिये, अच्छा मुनाफा मिलेगा। वे लालच में आ गए। मुगलपुरा के सैयद शाहबेज के साथ भी साइबर ठगी हो गई। 20 अक्टूबर को बैंक खाते से 1.30 लाख रुपये कट गए। सैयद शाहबेज से कॉलर अपने को भारतीय स्टेट बैंक का सेल्स एग्जीक्यूटिव ऑफीसर बताया। क्रेडिट कार्ड के चार्जेज समाप्त होने की बात कहकर उनसे 1499 रुपये जमा कराए और सैयद शाहबेज के खाते की रकम गायब कर दी। विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर क्राइम) की तरफ से विवरण मांगा गया है। इससे उम्मीद है कि अब कुछ और बेहतर होगा। वैसे अभी थाने में केवल चार कंप्यूटर और तीन कर्मी हैं। आईटी एक्ट में सजा सात वर्ष से कम है। ठग की गिरफ्तारी नहीं हो पाती है। ऐसे में वादी कहता है कि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। आरोपी यदि गैर राज्य का है तो उसे पकड़ने में भी बहुत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। -राजेश सिंह, थानाध्यक्ष-साइबर क्राइम

रात में बढ़ रही ठंड, रैन बसेरों पर नहीं जिम्मेदारों का ध्यान

मुरादाबाद-ठंड ने दस्तक दे दी है। रात में न्यूनतम तापमान 17-18 डिग्री सेल्सियस होने से ठंड का असर बढ़ रहा है। कुछ दिनों में ठंड और बढ़ेगी, जिससे निराश्रितों को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कड़ाके की सर्द रात में निराश्रितों को रैन बसेरे में जगह न मिलने या बदइंतजामी के चलते कई बार खुले आसमान के नीचे फुटपाथ किनारे तो कभी अंडरपास का सहारा लेना पड़ता है। नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली आग लगने पर कुआं खोदने वाली है। रैन बसेरों में इंतजाम सुधारने की पहल अभी नहीं हुई। हर साल सर्द रातों में जब लोग रजाई, कंबल में खुद को गर्म रखते हैं तब बेदर्द सर्दी का सितम निराश्रितों पर भारी पड़ता है। नगर निगम की ओर से संचालित रैन बसेरों में ठंड के लिए अभी कोई खास इंतजाम नहीं किए गए हैं। रामगंगा विहार कॉलोनी में सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के पास स्थित रैन बसेरे में शौचालय बदहाल हैं। रजाई गद्दों की स्थिति में भी दूसरे रैन बसेरे की तुलना में बेहतर नहीं है। आश्रयहीन निशुल्क शेल्टर होम हरथला के भवन की रंगाई पुताई न होने से यह बदहाल है। रैन बसेरे के बाहर नाली की सफाई भी नियमित नहीं होने से गंदगी थी। जबकि रेलवे स्टेशन रोड इम्पीरियल तिराहे के पास रैन बसेरे की स्थिति तुलनात्मक रूप से ठीक है। लेकिन, आसपास सफाई न होने से लोगों को रात बिताने पर मच्छरों से जूझना पड़ेगा। क्योंकि डेंगू के कहर के बाद भी नगर निगम प्रशासन चिह्नित हाट स्पॉट वाले इलाकों में भी नियमित फागिंग नहीं करा रहा है। ऐसे में रैन बसेरे में मच्छरों से निपटने के लिए कोई इंतजाम निगम प्रशासन की ओर से नहीं रखा गया है। इन रैन बसेरों की देखभाल करने वाले भी मनमानी करते हैं। नगर आयुक्त संजय चौहान का कहना है कि रैन बेसरों की व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त कराई जाएगी।

10 से शुरू होगा संभल-मुरादाबाद अंडरपास मार्ग, वाहनों को खस्ता हाल मार्ग से मिलेगी निजात

मुरादाबाद-संभल-मुरादाबाद अंडरपास की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। 10 नवंबर को मुरादाबाद से संभल जाने वाले वाहन सीधे जा सकेंगे। अब वाहनों को खस्ता हाल मार्ग से निजात मिलेगी। मरम्मत कार्य प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप(पीपीपी) द्वारा कराया गया है। वहीं, मुरादाबाद से संभल के लिए रेल सेवा न होने से निजी वाहन के अलावा रोडवेज बस ही आवागमन का एक मात्र साधन रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) में मुरादाबाद-बरेली एक्सप्रेसवे लिमिटेड टोल कंपनी द्वारा संभल-मुरादाबाद अंडर पास के मरम्मत कार्य का पूरा किया चुका है। किए गए कार्य को मजबूती देने के लिए मार्ग एक सप्ताह तक बंद रहेगा। इसके बीच अंडर पास को इंटरलॉक किया जाएगा। 4 अक्टूबर को अंडर पास मरम्मत के चलते वाहनों के आवागमन पर लगाई रोक 10 नवंबर को खुल जाएगी। जिससे वाहन चालकों व प्रतिदिन आने वाले यात्रियों को आसानी होगी। मार्ग बंद होने और निजी वाहन के अलावा एक मात्र रोडवेज बसों का सहारा होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान वाहनों को डींगरपुर से कुंदरकी होकर 14 किलोमीटर और डींगरपुर से पाकबड़ा होकर 16 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर संभल, बहजोई, इस्लाम नगर और अनूपशहर जाना पड़ता था। संभल से मुरादाबाद पढ़ने आने वाले बच्चों व व्यापार का सामान लेने आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं मार्ग खराब होने से बरसात में अधिकतर वाहन फंस जाते थे। जिससे जाम की समस्या आम थी। अब मरम्मत का कार्य पूरा होने से 10 किलोमीटर क्षेत्र के आसपास के गांव वालों ने राहत की सांस ली है। नौकरी पेशा लोगों को भी राहत मिलेगी। अंडरपास की मरम्मत का कार्य एनएचएआई द्वारा नजदीकी टोल से कराया जाता है। इस अंडरपास की मरम्मत बरेली-मुरादाबाद एक्सप्रेस वे टोल कंपनी ने की है। इससे पहले अंडर पास में पानी निकासी भी नहीं थी। जिससे बारिश का पानी भर जाने से सड़क की हालत खस्ता हो गई थी। अब बारिश का पानी अंडरपास नहीं रूकेगा। -अनुज कुमार जैन, परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण निगम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को चितरंगी के बगदरा मे करेंगे चुनावी सभा को संबोधित एवं शाम बैढ़न मे रोड शो

क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा

सिंगरौली । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनो दो दिवसीय चुनावी दौरे पर सिंगरौली आ रहे हैं। मुख्यमंत्री रविवार दोपहर को चितरंगी विधानसभा के बगदरा मे भाजपा उम्मीदवार राधा सिंह के समर्थन मे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे तथा शायं 5 बजे जिला मुख्यालय केंद्र बैढ़न क्षेत्र मे भाजपा उम्मीदवार रामनिवास

शाह के पक्ष मे रोड शो मे भाग लेंगे। माननीय मुख्यमंत्री जी रविवार रात्रि सिंगरौली मे ही रूकेंगे तथा भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच महत्वपूर्ण चुनावी बैठक करेंगे तथा चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। अगले दिन सोमवार को मुख्यमंत्री महोदय देवसर विधानसभा क्षेत्र के माड़ा मे भाजपा उम्मीदवार राजेंद्र मेश्राम के पक्ष मे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे तथा वहां से रीवा? के लिये प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री की चुनावी सभाओं तथा रोड शो के सफल आयोजन के लिये प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह के दिशा-निर्देश मे पूरी भाजपा जुटी हुई है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने सभी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच कर मुख्यमंत्री जी को सुने तथा उनकी चुनावी सभाओं तथा रोड शो को प्रभावी बनाने की अपील की है।

युवाओं पर भारी न पड़ जाए खेल विभाग की लापरवाही, बिना पंजीकरण संचालित हो रहे हैं अधिकांश जिम

महानगर के जिम में बॉडी को आकर्षक बनाने के लिए बिक रहे प्रोटीन के उत्पाद

मुरादाबाद- इस समय युवाओं में शरीर को आकर्षक बनाने का क्रेज है। जिसके लिए वह जिम जा रहे हैं। वहीं महानगर में अधिकांश जिम खेल विभाग में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे हैं। यहां अप्रशिक्षित ट्रेनर युवाओं को जिम कराने के साथ प्रोटीन के उत्पाद लेने की सलाह दे रहे हैं। जिससे युवाओं की सेहत पर विपरीत प्रभाव की आशंका है। लेकिन, खेल विभाग के जिम्मेदार मौन हैं। हर गली मोहल्ले में आपको जिम मिल जाएगा। यहां युवा रोज अपनी बॉडी को आकर्षक बनाने के लिए पसीना बहाते हैं। नियमों के अनुसार सभी जिम का खेल विभाग में पंजीकरण होना आवश्यक है। लेकिन, अधिकांश जिम बिना पंजीकरण के धड़ल्ले से चल रहे हैं। आलम यह कि इनमें अप्रशिक्षित ट्रेनर युवाओं को कसरत के गुर सिखा रहे हैं। यहां युवाओं को खुलेआम बॉडी को आकर्षक बनाने के लिए प्रोटीन के उत्पाद बेचे जा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार केवल डाइट का कोर्स करने वाला प्रशिक्षित ट्रेनर ही डाइट का सुझाव दे सकता है। लेकिन, नियमों की अनदेखी कर प्रोटीन उत्पाद बेचे जा रहे हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि सभी जिम संचालकों को सख्ती से खेल विभाग में पंजीकरण के आदेश दिए हैं। साथ ही जिम संचालकों को प्रशिक्षित ट्रेनर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

मेडिकल कॉलेज में नशा मुक्ति केंद्र बनाने के फैसले को सराहा

मुरादाबाद। राज्य सरकार युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने और नशे से छुटकारा दिलाने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में सरकार ने सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नशा मुक्ति केंद्र बनाने का फैसला लिया है। जिसका लोगों ने स्वागत किया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों को कॉलेज में नशा मुक्ति केंद्र बनाने के निर्देश दिये हैं। जिससे युवाओं को नशे के सेवन से दूर रखा जा सके। नशा मुक्ति केंद्रों पर चिकित्सकों द्वारा काउंसिलिंग के साथ ही इलाज भी किया जाएगा। ये केंद्र मानसिक स्वास्थ्य या मेडिसिन विभाग के तहत चलेंगे। साथ ही नशे से शारीरिक व मानसिक नुकसान की जानकारी दी जाएगी। केजीके कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी ने कहा कि इस समय युवाओं में नशे की प्रवत्ति ज्यादा बढ़ गई है। अधिकांश युवा धूमपान और शराब के नशे में लिप्त हैं। ऐसे युवाओं के लिए सरकार का यह कदम वरदान साबित होगा। वहीं गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की प्रोफेसर अंजना दास ने बताया कि यह फैसला कई परिवारों की तरक्की के लिए अहम कदम होगा। ऐसे कई परिवार हैं जिनके युवा बच्चे को नशे की लत है। उनको इससे निकलने का नया रास्ता मिलेगा।

चिकित्सक से परामर्श के बिना न लें सप्लीमेंट

मुरादाबाद। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र कुमार ने बताया कि आजकल बाजार में ऐसे सप्लीमेंट आ रहे हैं जिसमें स्टेरॉयड में कैमिकल होता है। जो आपको हाइपर ऐक्टिव बना देता है। उससे वजन बढ़ता है और भूख भी लगती है, लेकिन उसके दुष्प्रभाव भी होते हैं। इससे तत्काल एनर्जी भी मिल जाएगी। मगर यह बाद में नुकसान करता है। सप्लीमेंट बिना किसी डॉक्टर की सलाह के नहीं लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि आइसोलेट्स शुद्ध तरह का प्रोटीन माना जाता है। यह पचने में आसान होता है और इससे पेट को दिक्कत नहीं होती।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रीवा जिले में चुनावी सभाओं को किया संबोधित और रोड शो वहीं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेसी नेताओं ने ली भाजपा में शरण

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

म.प्र. के निरंतर विकास व भविष्य के लिये की भाजपा सरकार बनाने की अपील त्योंथर की जनता त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता आए भाजपा के शरण में शरणार्थी के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिया इनको अपने पार्टी में शरण कौशलेश द्विवेदी, गंगा द्विवेदी,एवं सैकड़ो की संख्या में लोग हुए भाजपा में शामिल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने एक दिवसीय प्रवास पर रहते हुये रीवा जिले के चार विधानसभा क्षेत्र क्रमशः त्योंथर, सिरमौर, सेमरिया एवं रीवा में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया एवं रोड शो किया। पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा का विषय वसुंधरा पर आत्मीय स्वागत हुआ। उन्होंने रीवा जिले एवं म.प्र. के साथ देश के विकास को अनवरत बनाये रखने के लिये भाजपा को वोट देने की अपील लोगों से की। श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर विकास पथ पर अग्रसर है। कांग्रेस की सरकार में सिर्फ और सिर्फ घोटाले हुए है। म.प्र. में 15 महीने वाली कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने घोटाले के अतिरिक्त प्रदेश को कुछ नहीं दिया। कमलनाथ सरकार ने भाजपा शासन की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं को बंद कर दिया था। जल जीवन मिशन जैसी अतिमहत्वाकांक्षी योजना के 248 करोड़ एवं 2 लाख पीएम आवास केन्द्र को वापस कर दिये थे। श्री नड्डा ने कहा कि म.प्र. के भविष्य को तय करने के लिये भाजपा को वोट दें। उन्होंने लोगों से घोटालेबाजों को सरकार में आने से रोकने की अपील करते हुए कहा कि गहलोत, बघेल और कमलनाथ कलेक्शन करने वाले कलेक्टर है और फिर उस कनेक्शन को दिल्ली दरबार में तेरा तुझको अर्पण की भावना के साथ अर्पित कर आते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक प्रत्याशी अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच प्रस्तुत होता है। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने केन्द्र की मोदी सरकार एवं म.प्र. को संगठन की रिपोर्ट का उल्लेख किया। दि शिवराज सरकार में रीवा जिले में हुये विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट सोलर प्लांट सहित तमाम विकास कार्यों को गिनाते हुये कहा कि कांग्रेस ने देश-प्रदेश को कोयला घोटाला, कामलवेल्थ घोटाला, टूजी स्पेक्ट्रम घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला, आदर्श सोसायटी घोटाला दिया है। जनता के हितों और रक्षा सुरक्षा का चुनाव है भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह चुनाव जनता के हितों एवं रक्षा-सुरक्षा का चुनाव है जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूती रहे। से आगे बढ़ रहा है। भारत विश्व की 5वी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आगामी 3 वर्ष में तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेगा, उसी दिशा में मोदी सरकार प्रवासरत है। उन्होंने कहा कि देश के साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये है और देश में एक प्रतिशत उ से भी कम लोग अतिगरीब को श्रेणी में वि है।

सास ननद व देवर के खिलाफ मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद-कोतवाली के गांव बहादुरपुर निवासी एक महिला ने अपनी सास ननद व देवर पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट लिखाई है। गांव बहादुरपुर निवासी सुमन पत्नी रामनिवास ने रिपोर्ट में कहां समय करीब रात नौ बजे सास भगवान देवी, ननद शक्ति ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। जिससे उसके शरीर पर छोटे आई हैं । देवर लक्ष्मी नारायण ने फोन पर उसे जान से मारने की धमकी दी है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया है पीड़ित महिला की तहरीर पर सास, ननद,व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्राइवेट खाद एजेंसियों पर भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा-राकेश

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि जिला अलीगढ़ में जितनी भी प्राइवेट कर एजेंसी हैं उन पर खाद ब्लैक अधिक वसूली करने की शिकायत मिल रही है जितनी भी एजेंसियां हैं सब की सूची बनाई जा रही है सूची बनाकर के डीएम को सौंप जाएगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सेक्टर प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह अभी कहा है कि प्राइवेट कर एजेंसी कर रही है खाद को ब्लैक क्षेत्र के किसानों ने बताया है कि 13 से ?50 का डीएपी खाद 1550 रुपया बेचने की शिकायत मिल रहे हैं?200 प्रति कट्टा वसूली हो रही है जबकि शासनादेश है प्राइवेट एजेंसी हो या सरकारी 1350 रुपए में ही डीएपी खाद किस को मिलेगा लेकिन प्राइवेट एजेंटीयों पर ऐसा नहीं हो रहा है प्राइवेट खाद एजेंसी वाले अच्छी तरह से समझ ले उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है डीएपी खाद की आड़ में किसानों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा किसानों का संगठन है किसानों के साथ खड़ा है कहीं भी अहित नहीं होने दिया जाएगा

मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायतो का माह अक्टूवर में निस्तारण होने पर झाँसी ललितपुर को मिला प्रथम स्थान

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी पुलिस उपमहानिरीक्षक जोग्रन्द्र कुमार ने प्रेस विज्ञपति में बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई शिकायत निवारण आई जी आर एस प्रणाली से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में झाँसी ललितपुर को प्रथम स्थान दिया गया। कार्यशैली की सराहना की गई। पुलिस उपमहानिरिक्षक झाँसी परिक्षेत्र द्वारा रेंज कोडिनेतर ,सीसीटीएनएस/ प्रभारी आई जी आर एस सेल बिमल कुमार श्रीवास्तव,श्रीमती प्रियंका गुप्ता, कम्प्यूटर आपरेटर, ग्रेड ए एव मुख्य आरक्षि जगदीप सिंह को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत किया गया तथा जनपद के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से आगे भी आई जीआरएस के शिकायती पत्रों को निस्तारण करे।

त्योंथर विधानसभा में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तो वर्तमान विधायक को मंच में नहीं मिली कुर्सी

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा

त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के उपरांत भाजपा के छोटे से छोटे कार्यकर्ता मंच पर दिखे वहीं वर्तमान विधायक श्यामलाल द्विवेदी नहीं दिखे मंच पर बल्कि वह जनता के बीच में बैठे नजर आए भाजपा प्रत्याशी सिद्धार्थ तिवारी मंच से उनको बुलाए परंतु मंच पर नहीं पहुंचे वर्तमान विधायक श्यामलाल द्विवेदी भाजपा में दिखी तकरार क्या होगा इसका बेड़ा पार क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यक्रम के दौरान भाजपा के सभी कार्यकर्ता एवं सभी पदाधिकारी लोग मंच पर दिखे वहीं वर्तमान विधायक मंच पर नहीं दिखे आखिर क्या बात है क्यों नहीं दिखे मंच पर वर्तमान विधायक क्या विधायक कर सकते हैं बगावत या फिर करेंगे सिद्धार्थ तिवारी का सपोर्ट आखिर वजह क्या थी की मंच पर नहीं बैठे वर्तमान विधायक श्यामलाल द्विवेदी जबकि रीवा विधायक एवं वर्तमान मंत्री राजेंद्र शुक्ला भी मंच पर थे उपस्थित अजय सिंह भी मंच से उपस्थित कई दिग्गज नेता उपस्थित थे परंतु ऐसी क्या बात हुई की
वर्तमान विधायक श्यामलाल द्विवेदी मंच पर नहीं पहुंचे भीड़ में दिखे वर्तमान विधायक श्यामलाल द्विवेदी इससे साथ जाहिर हो रहा है श्यामलाल द्विवेदी भाजपा सरकार से नाखुश नजर आ रहे हैं क्या वर्तमान विधायक भाजपा से करेंगे बगावत आखिर क्यों नहीं थे मंच पर क्या हो सकता है कारण क्योंकि पर्चा भरने में जब साथ में थे विधायक तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आने पर मंच पर क्यों नहीं गए वर्तमान विधायक यह तो चिंता का विषय बनता जा रहा है क्षेत्र की जनता में छाया आक्रोश क्योंकि वर्तमान विधायक का हुआ अपमान क्या सिद्धार्थ तिवारी का करेंगे सपोर्ट वर्तमान विधायक भाजपा में हो सकती है भीतर घाट क्योंकि वर्तमान विधायक है नाराज मीडिया वाले पूछे सवाल तो नहीं दिए जवाब क्या कोई हो सकता है बड़ा खेल

अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति घायल

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - अकराबाद- थाना क्षेत्र खेड़ा नारायण गांव के पास सुवह खेत पर जा रहे व्यक्ति को अज्ञात बहन ने रोंदा जिसमें एक घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे पर परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। थाना अकरावाद के गांव खेड़ा नारायण निवासी चंद्रेश कुमार पिता राधेश्याम शर्मा उपचार के दौरान देर रात्रि दम तोड़ दिया अपने भाइयों में सबसे छठवे नंबर के थे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है

मीरगंज धामपुर बायो ऑर्गेनिक चीनी मिल सत्र का हुआ शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच

जनपद बरेली मीरगंज - धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड यूनिट मीरगंज में 2023 - 24 पेराई सत्र का हुआ शुभारम्भ। गन्ना चीनी मिल में पंडितों ने बड़े ही विधि विधान के साथ किया गया हवन पूजन। पूजन में मुख्य यजमान चीनी मिल उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य महा प्रबंधक गन्ना आजाद सिंह रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मीरगंज क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा एवं मीरगंज (एसडीएम) उप जिलाअधिकारी देश दीपक सिंह एवं यजमान चीनी मिल उपाध्यक्ष संजय कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य महाप्रबंधक गन्ना आजाद सिंह, मीरगंज ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, चेयरमैन योगेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ मुन्ना बाबू, सत्येंद्र यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुदेश पाल सिंह, किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, महामंत्री सोमपाल शर्मा, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, पूर्व चेयरमैन विजय कुमार गुप्ता, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख देवपाल सिंह चौहान, रमेश कुर्मी, प्रधान नगरिया सादात शिवकुमार, धर्मपाल सिंह, अरूनजीत सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, यशवंत चौधरी, तेजपाल फौजी कृष्ण पाल गंगवार, अजहरुद्दीन, पुनीत त्रिवेदी, राम सुमन मिश्रा, मेहताब सिंह आदि ने हवन पूजन कर नारियल फोड़ा। उसके बाद सभी लोगों ने केन कैरियर में गन्ना डालकर चीनी मिल के पेराई सत्र 2023 -24 का विधिवत शुभारंभ किया गया। यूनिट हेड ने बताया कि पेराई सत्र में मिल में एक करोड़ 20 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का लक्ष्य प्रबंधन ने निर्धारित किया है। पेराई क्षमता को 60 हजार क्विंटल से बढ़कर 90 हजार क्विंटल प्रतिदिन किया गया है। इस दौरान चीनी मिल की ओर से गन्ना प्रमुख राजीव कुमार, महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन अरविंद गंगवार, महाप्रबंधक इंजीनियरिंग रवि गुप्ता, महा प्रबंधक उत्पादन सामोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक लेखा जय गोपाल चावला, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासनिक संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन नवीन श्रीवास्तव, आकाश लहरी, शेषनाथ यादव वरिष्ठ प्रबंधक सुरक्षा, मुख प्रबंधक गन्ना विजय शुक्ला, उत्तम सिंह, आशीष, रतिराम, अनिल चिल्लर व उपस्थित मिल के सभी अधिकारीयों और कर्मचारी के साथ कस्बा फतेहगंज पश्चिमी, शाही, शीशगढ़, शेरगढ़, मीरगंज तहसील के समाजसेवी, गणमान्य, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ सैकड़ों किसान बंधु एवं ग्राम प्रधान उपस्थित आदि रहे।

पत्नी की हत्या कर पुलिस के पास थाने पंहुचा पति, बोला पत्नी की हत्या करके आया हूं गिरफ्तार कर लो

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ - थाना टप्पल क्षेत्र के कस्बा टप्पल में पति द्वारा शादी के 7 महीने बाद ही गर्भवती पत्नी की चारपाई पर डालकर गला दबाकर निर्मम हत्या करने के बाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर पत्नी की हत्या का जुर्म कबूल किए जाने का मामला सामने आया है।पुलिस ने थाने पहुंचकर पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल करने वाले हत्यारे पति को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पति द्वारा हत्या का जुर्म कबूल किए जाने के बाद पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची ओर मृतक पत्नी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। तो वहीं गर्भवती शादीशुदा पत्नी के शादी के बाद भी मोबाइल पर किसी दूसरे लड़के से बात करने से पति नाराज था,ओर उसकी पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे को किसी दूसरे का बताया। यही वजह है कि इसी शक के चलते पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आपको बता दें कि अलीगढ़ जिले के कस्बा टप्पल में एक पति द्वारा पत्नी की चारपाई पर गला घोटकर निर्मम हत्या किए जाने की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया है। जहां टप्पल कस्बे के युवक सादिक की शादी सात महीने पहले अलीगढ़ निवासी युवती गुलवशाहा के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी के कुछ दिन तो दोनों पति-पत्नी के बीच सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन उसके कुछ दिनों के बाद से ही गुलव शाहा को उसका पति सादिक ओर सुसरलीजनो के द्वारा किसी न किसी बात टार्चर करते हुए परेशान किया जाने लगा। वहीं बताया ये भी जा रहा है कि शादी के बाद भी पत्नी गुलाबशहा मोबाइल पर किसी युवक से बात करती थी। दूसरे युवक से पत्नी को फोन पर बात करते हुए देख उसके पति ने कई बार पकड़ लिया था। जिसके बाद पति सादिक ने अपनी पत्नी को मोबाइल पर किसी दूसरे लड़के के साथ बात करने से रोका था। बावजूद इसके पत्नी मोबाइल पर युवक से बात करने से अपने आपको रोक नहीं पाई। इसी बीच पति-पत्नी के बीच चल रही खटपट के दौरान गुलबशहा के गर्भवती होने की बात सामने आ गई। जिसके चलते पति अपनी पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे को लेकर उस पर शक करने लगा,ओर उसके पति सादिक को लगा कि उसकी पत्नी गुलव शाहा के गर्भ में उसका बच्चा नहीं बल्कि नाजायज हैं।यही वजह है कि जब पत्नी मकान की दूसरी मंजिल पर अपने पति को कंबल देने के लिए गई थी। तभी पति ने अपना आपा खो दिया और गुलव शाहा को चारपाई पर डालकर उसका दोनों हाथों से गला दबाते हुए उसकी सांसे रोककर निर्मम हत्या कर दी। इस दौरान जब पड़ोस में रहने वाली मृतिका की बहन मुनीशा अपनी मां से फोन पर बात करने के लिए उसके घर पहुंची तो उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद देख उसको शक हुआ और पड़ोसी की छत से उसके घर पर दाखिल हुई। जहां अपनी बहन के कमरे पर लगे लोहे के जंगसे अंदर झांक कर देखा तो उसकी बहन की लाश कमरे के अंदर चारपाई पर पड़ी हुई थी। जबकि पति समेत सुसरलीजन उसकी बहन को मौत के घाट उतारने के बाद घर से फरार थे। पति द्वारा पत्नी की गला घोटकर हत्या किए जाने की सूचना पर लोगों का जमावड़ा मौके पर लग गया। तो वहीं शक के चलते गर्भवती पत्नी की हत्या करने के बाद पति थाने पहुंचा ओर पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की गला घोट कर हत्या कर दी है। पति के मुंह से पत्नी की हत्या किए जाने की बात सुनते ही इलाका पुलिस मौके वारदात पर पहुंच गई ओर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तो वहीं ससुराल पक्ष के अन्य सदस्य मौके से फरार हैं। जबकि मृतका सात माह की गर्भवती हैं। वहीं बेटी की हत्या किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों से पुलिस घटना को लेकर पूछताछ कर रही है। वही मृतका की बहन मुनीशा का कहना है कि 30 अप्रैल 2023 में उसकी बहन गुलबशाहा की शादी सादिक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति सादिक आए दिन उसकी बहन को परेशान करता था। कुछ दिन पहले भी बड़े - बुजुर्गो ने मध्यस्तता करते हुए पति सादिक को समझाया था और मामले का निस्तारण किया था। बावजूद इसके पति सादिक ने उसकी बहन की हत्या कर दी।

जागरूक, सशक्त एवं स्वावलम्बी नारी ही एक सभ्य, सदृढ़ एवं विकसित समाज का आधार है

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- शासन की मंशानुरूप मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण (फेज-4) के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनपदीय पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं(छात्राओं) को जागरूक, स्वावलम्बी बनाने, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराते हुए, जनजागरूकता पैदा कर एवं दुराचारियों की पहचान उजागर करने, एवं महिलाओं एवं नाबालिग बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराध (जैसे दुष्कर्म, अपहरण, छेड़खानी, चैन स्नैचिंग इत्यादि) घटनाओं एवं होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करने एवं महिलाओं/बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण (फेज-4) के तहत आज दिनांक 03.11.2023 को जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर, स्कूल, कॉलेज, भीडभाड़ वाले स्थान पर महिलाओं, बालिकाओं छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए महिला सुरक्षा, महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न प्रमुख कानून, महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन फोरम के सम्बन्ध में जानकारी एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनको जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूक करते हुए,महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न प्रमुख कानुनों यथा- घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, अनैतिक व्यापार निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध, बाल श्रम एवं भारतीय दण्ड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराध आदि की जानकारी दी गई। विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग करस्पाण्डेण्ट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री ममृत वन्दना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना वन स्टॉप सेण्टर, सेफ सिटी योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फी सिलाई मशीन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, यूपी0 भाग्य लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया गया। साथ ही महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन/फोरम जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा - 112, सी0एम0 हेल्प लाइन नम्बर चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, वन स्टाप सेण्टर-181, साइबर हेल्प लाइन - 1930 स्वास्थ्य हेल्प लाइन - 102 एम्बुलेन्स सेवा - 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डोर जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय / राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिद सेवा प्राधिकरण, के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

सिरमौर विधानसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हजारों की तादात में मौजूद भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के पक्ष में जनमानम को किया संबोधित

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश कुमार तिवारी

सिरमौर विधानसभा सभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज है, जहा पर आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के पक्ष में जनता को सम्बोधित करने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सिरमौर पहुचे, और जन सभा को सम्बोधित करते हुए सिरमौर क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि जो विकास भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में हुआ है वह कांग्रेस की कमलनाथ की सरकार में नहीं हुआ, जो केन्द्र से योजनाएं भेजीजा रही थी कांग्रेस सरकार ने उसे भी वापस कर दिया था, जिससे लगभग दो लाख प्रधानमंत्री आवास योजना का धन वापस दिल्ली भेजा गया था, ऐसे ही जितनी भी जन कल्याणकारी योजना रही हो उसे लागू नहीं किया गया, मंच से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिव्यराज सिंह को जिताने की अपील किये, जेपी नड्डा ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो को खुलकर जनता के सामने रखा ।उन्होंने कहा की सिरमौर में सिविल अस्पताल बना, जवा में एसडीएम कोर्ट ,क्षेत्र में बेहतर रोड, पानी की व्यवस्था भाजपा के द्वारा की गई। जो कि यह साफ दर्शाता है की दिव्यराज सिंह ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है। इसलिए एक बार पुनः दिव्यराज सिंह को विधायक बनाइए ताकि क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो सके। वही जेपी नड्डा के संबोधन से पहले भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जोरदार स्वागत किया।और उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनता की सेवा की है। सिरमौर में शिक्षा ,स्वास्थ्य समेत शासन की विभिन्न योजनाओं को धरातल में उतारने का कार्य किया है और जहां भी भूल हुई होगी निश्चित तौर पर मैं सुधारने की कोशिश करूंगा ।मैं राजा नहीं बल्कि जनता का सेवक हूं। और निरंतर सिरमौर क्षेत्र की जनता का सेवा करता रहूंगा ।चुनावी जनसभा में बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी , ओमप्रकाश उरमालिया भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में युवा मंडल के पदाधिकारी द्वारा बाइक रैली अतरैला से होते हुए सिरमौर तक निकाली गई जिसमें युवा मंडल के रवि ,युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी राकेश दुवोदी एवं उनके युवा मंडल के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे वही पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, प्रदेश महामंत्री राजेश पांडेय,रीवा के पूर्व महापौर , गुप्ता,प्रज्ञा त्रिपाठी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वय कुंवर पुष्पेंद्र सिंह संजय द्विवेदी, तीनो नगर परिसद के अध्यक्ष , सिरमौर जनपद अध्यक्ष रबीना साकेत ,भाजपा नेता बृजेश सिंह मंगल, विजय सिंह बिल्लू समेत सिरमौर के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे*

फरार 6 लोगो पर 25-25 हजार का इनाम किया घोषित

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने फरार 6 लोगो पर 25-25 हजार का इनाम किया घोषित कोतवाली देहात के रेलवे पुल पर सिंध पंजाव ढावा के मालिक दिनेश सिंह पर बीते दिनों किया था जानलेवा हमला, राजेश उर्फ राजू पुत्र विजय सिंह निवासी गुदरगंज थाना निंधौली कला पर 25 हजार का इनाम किया गया घोषित, संजय उर्फ वडडन पुत्र विजय सिंह निवासी गुदरगंज थाना निधौली कला पर 25 हजार का इनाम किया घोषित, उपेंद्र पुत्र श्यामपाल निवासी गूदरगंज थाना निधौली कला पर 25 हजार रूपऐ का इनाम किया गया घोषित, दिनेश पुत्र महावीर सिंह निवासी गूदरगंज थाना निधौली कला पर किया गया 25 हजार इनाम घोषित, सत्येंद्र उर्फ सत्ता पुत्र कुवर पाल सिंह निवासी गूदरगंज थाना निंधोली कला पर भी गया 25 हजार रूपये इनाम घोषित, जितेंद्र उर्फ जीतू पुत्र श्यामपाल सिंह निवासी गूदरगंज थाना निधोली कला पर भी 25 हजार रूपऐ का इनाम किया गया घोषित, फरार सभी लोगो को कोतवाली देहात मे संगीन धाराओं दर्ज है मुकदमा,

एटा एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने स्पस्ट किया है, अभियुक्त मुठभेड़ मे मारा जाता है तो ऐसी दिशा मे पुरुस्कार धनराशि जाँच पूर्ण होने के उपरांत संतुष्ट होने की दशा मे स्वीकृत की जाएगी, एसएसपी ने,छत्र अपराध,छत्र जोन आगरा को भेजा पत्र, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने DIG STF को भी भेजा पत्र

खेत से मक्का तोड़ते देख दुष्कर्म में असफल रहने पर नाबालिग किशोरी की हत्या करने वाला ब्रजेश उर्फ विदेशी कडी मशक्कत के बाद गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिहं एवं अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिहं कुशवाहा ने आज शनिवार को पुलिस लाईन सभाकक्ष में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम झकरई में पिछले ढाई महीने पूर्व एक नाबालिग बालिका को जूनियर हाई स्कूल झकरई से लौटते समय मक्के के खेत में भुट्टा तोडते वक्त बलात्कार की नीयत से पकडकर दुष्कर्म में असफल रहने की रहस्यमयी घटना में एक अभियुक्त ब्रजेश उर्फ विदेशी पुत्र रामदास निवासी ग्राम झकरई को गिरफ्तार करने के बाद घटना का सफल अनावरण करते हुऐ बताया कि 21.08.2023 को वादी द्वारा थाना अलीगंज पर इस आशय की लिखित सूचना दी गयी कि उनकी पुत्री घर से पढ़ने के लिए जूनियर हाईस्कूल झकरई गयी हुयी थी, दोपहर 02.00 बजे तक वह घर नहीं पहुंची तो तलाश करने पर उसका शव अशोक कुमार पुत्र रामादास के खेत में मिला। उनकी पुत्री की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। इस सूचना पर थाना अलीगंज पर मुअसं-235/2023 धारा 302, 201 भादवि बनाम अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया। इस सनसनीखेज घटना के अनावरण हेतु स्वॉट तथा सर्विलांस के साथ ही इंस्पेक्टर बेगराम सिहं कश्यप के नेत्रत्व में एसआईटी का गठन किया गया, लोगों से पूछताछ की गई। आज शनिवार को थाना अलीगंज पुलिस द्वारा समय करीब 10.15 बजे मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आए अभियुक्त बृजेश उर्फ विदेशी पुत्र रामदास निवासी झकरई थाना अलीगंज को ग्राम झकरई में बने तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया है।

सरकारी पैसे को खर्च नहीं कर पा रही ,ग्राम पंचायतें

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जिले की 50 से अधिक ग्राम पंचायत ऐसी हैं जो सरकारी पैसे को खर्च नहीं कर पा रही हैं। एक वर्ष से अधिक का समय होने के बाद जिम्मेदारों को इसकी भनक लग सकी। गांव के विकास कार्यों को लेकर शासन से लेकर अधिकारियों तक का जोर है। एक पंचायत तो ऐसी है जिसके खाते में करीब डेढ़ करोड़ रुपया पड़ा हुआ है। बार-बार जनता के कहने के बाद भी काम नहीं करा रहे। हर वर्ष गांवों में विकास कार्य कराने के लिए पैसा आता है। 50 गांव ऐसे हैं जो काम कराने के लिए तैयार नहीं है। पूरा वर्ष बीतने को है। इन गांवों में फूटी कौड़ी तक खर्च नहीं की है। सरकार से जो पैसा मिला वह उनके खातों में ही पड़ा है। 569 ग्राम पंचायतों में से 50 पंचायतें हैं जिनके खाते में पांच लाख रुपये अधिक है। इसमें भी अधिकांश पंचायतें ऐसी है जिनमें 25 लाख रुपये से लेकर डेढ़ करोड़ रुपया तक पड़ा है। पैसा खर्च न होने पर सरकार की इन पंचायतों पर नजर गई तो स्थानीय जिम्मेदारों को पता चला कि यह पंचायतें तो कोई काम ही नहीं करा रही है। इनके खातों में विकास के लिए जो पैसा आया है वह खर्च नहीं हुआ है। गांवों में है खराब हालात एटा। पैसा खर्च न होने के कारण गांवों में हालात खराब है। कई गांवों में जल भराव के कारण गंदगी के अंबार लगे हैं। इससे लोग आए दिन तहसील दिवस आदि में पहुंचकर शिकायतें करते हैं। करीब चार गांवों में डीएम ने टीम भेजकर सफाई कराई है। इन पंचायतों में है अधिक पैसा एटा। ग्राम पंचायत अंगरई जमुनाई में 1.68 करोड़, खडउआ में 50 लाख, पिलुआ में 28 लाख, अलीपुर में 40 लाख, कीलरमऊ आदि गांव की ग्राम पंचायतों के खाते में इतना पैसा है। इसके अलावा पांच लाख से अधिक रूपया है।

पत्रकार एकता संघ द्वारा सम्मान श्रृंखला आरम्भ

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। सर्व समाज के आम जनमानस के जीवन को सहज, सरल एवं सुलभ सुविधाजनक वातावरण निर्मित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों, वरिष्ठजनों को सम्मानित करने का लक्ष्य पत्रकार एकता संघ के संस्थापक-जुनैद सानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष-के0डी0 सिंह, प्रदेश अध्यक्ष- मयंक सैनी एवं प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश उदैनियाँ के कुशल निर्देशन में सम्मान श्रृंखला का प्रारंभ किया गया है। गौर एवं शहर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता का स्मृति प्रतीक चिन्ह एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया झाँसी। केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनपद झाँसी के सहायक निदेशक बचत मृदुभाशी, सहज सरल स्वभाव के स्वामी श्री अरविंद गौर (प्रभारी-जिला सूचना अधिकारी, झाँसी) को (विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधि जो कि पत्रकार एकता संघ के मंडल एवं जिला के पदाधिकारी हैं ने श्री गौर साहब की उत्कृश्ट कार्य प्रणाली, कार्य कुशलता को दृष्टिगत रखते हुए, माल्यार्पण करते हुये, स्मृति प्रतीक चिन्ह, सम्मान-पत्र व समय की तलाश समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुये सम्मानित किया। उक्त सम्मान को पाकर श्री गौर अभिभूत हुये व औपचारिक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2020 को लखनऊ से स्थानांतरण होकर झांसी में अपनी योगदान आख्या सहायक निदेशक बचत के रूप में ग्रहण की। झाँसी हमेशा से बचत के मामले में उत्तर प्रदेश में प्रथम वरीयता सूची में रहा है। कोरोना कालखण्ड 2020 में झाँसी जनपद ने बचत के लक्ष्य 1 अरब 15 करोड़ के सापेक्ष 1 अरब 25 करोड 104 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया इसी प्रकार वर्श 2021 में एक अरब 15 करोड़ के सापेक्ष एक तरफ 66 करोड कर 144 प्रतिशत अतिरिक्त जमा कराकर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। कोरोना कल में जब लोग घरों के अंदर थे उनका पैसा अधिक खर्च नहीं हुआ उन्होंने बचत करते हुए एक अच्छी रकम जमा की जो कि काबिले तारीफ है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए 2022 में केंद्र सरकार द्वारा लक्ष्य को लगभग तीन गुना करते हुए 3 अरब 47 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित करते अगस्त 2022 तक 31 प्रतिशत के सापेक्ष 41 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करते हुये अपने बचत की बढ़त को बरकरार रखा। वर्तमान वित्तीय वर्श 2023 के अगस्त माह तक निर्धारित लक्ष्य 31 प्रतिशत के सापेक्ष झांसी कार्यालय द्वारा 47 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। उक्त कार्य को मूर्तरूप देने के लिये जनपद झांसी में 36 पोस्ट ऑफिस हैं को कायम रखने में प्रमुख भूमिका षहर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता की रही। जिसके लिये पत्रकार एकता संघ के पदाधिकारियों कोतवाली पहुंचकर सम्मान-पत्र,स्मृति चिन्ह भेंटकर माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री गुप्ता ने सभी पत्रकारों का अभिवादन स्वीकार करते हुये भरोसा दिलाया भविश्य पूरी कोषिष रहेगी किसी प्रकार का कोई दंगा अथवा अराजकता क्षेत्र में व्याप्त न हो। तथा साफ षब्दों में कहा कि गुण्डागर्दी, लूट घसोट एवं अराजकता करने वालों के प्रति सख्त कार्यवाही करने में गुरेज नहीं की जायेगी। उपस्थित पत्रकारों से अपील करते हुये कहा कि आप लोग भी समाज में व्याप्त गलत गतिविधियों पर नजर रखें और हमें सूचित करें, तुरन्त कार्यवाही की जायेगी। उक्त सम्मान करने वालों में पत्रकार एकता संघ के मण्डल अध्यक्ष प्रेमप्रकाष अग्रवाल, मण्डल उपाध्यक्ष अवधेष चतुर्वेदी, मण्डल महामंत्री पंकज रावत, मंण्डल महासचिव राकेष कुमार कुषवाहा, मण्डल संगठन मंत्री अमित कुमार तिवारी, मंडल सचिव मित्रेष कुमार सारस्वत, सत्ता सुधार से प्रतीक सैमसन, अमित वर्मा, समय की तलाष से सिटी रिपोर्टर राकेष कुमार, वरूण अग्रवाल आदि मुख्य रूप् से उपस्थित रहे।

झाँसी मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य कक्ष में छात्रों ने की तोड़फोड़, पीएसी समेत 4 थानों की पुलिस पहुंची

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार रात को एमबीबीएस इंटर्न और नर्सिंग स्टूडेंट के बीच जमकर बबाल हुआ। पहले इंटर्न स्टूडेंट ने नर्सिंग छात्रों के साथ मारपीट कर दी। इससे गुस्साए नर्सिंग छात्रों ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ऑफिस में जाकर तोड़फोड़ कर दी। उसके बाद पीएसी समेत चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। और हल्का बल प्रयोग करके छात्रों को खदेड़ दिया। एमबीबीएस इंटर्न और नर्सिंग के कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया है। प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र सिंह सेंगर ने दोनों पक्षों को शाम 3 बजे अपने ऑफिस में बुलाया था। इससे पहले ही मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर-1 के पास नर्सिंग छात्र और एमबीबीएस इंटर्न के बीच झगड़ा हो गया। मारपीट करने पर एमबीबीएस इंटर्न राजेश मीना ने विश्वविद्यालय चौकी में शिकायत दी। इसके बाद दोनों पक्ष प्रिंसिपल ऑफिस पहुंच गए। एक-एक करके दोनों पक्षों को सुना गया। सिक्योरिटी गार्ड नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को गेट नंबर 4 से लेकर जा रहे थे। गेट से पहले ही 15 से 20 एमबीबीए इंटर्न स्टूडेंट्स ने नर्सिंग स्टूडेंट को घेर लिया और सिक्योरिटी गार्डों की मौजूदगी में मारपीट की। तब नर्सिंग स्टूडेंट ने हॉस्टल में फोन कर दिया। वहां से काफी संख्या में छात्र-छात्राएं लाठी, डंडे और सरिया लेकर पहुंच गए। तब तक एमबीबीएस इंटर्न स्टूडेंट भाग चुके थे। इसके बाद गुस्साए भीड़ प्रिंसिपल ऑफिस में पहुंच गई। वहां पर डंडे मारकर खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए, और भी जगह तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने लाठियां भांजकर छात्रों को भगाकर मामला शांत कराया।

दौड़ेगा सिंगरौली लोकतंत्र के लिए रैली निकाली गई बीछी विद्यालय से

क्यूँ न लिखूँ सच
मानस मिश्रा

लोक तंत्र कि दौड़ का आयोजन और मतदाता जागरूकता रैली आज हाई स्कूल बीछी और माध्यमिक विद्यालय बीछी द्वारा निकाली गई जिसमें सभी बच्चें प्रमुखता से हिस्सेदारी लिए और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करवाया गया यह रैली करीब दो किलोमीटर दूर तक निकाली गई जिसमें कई अभिभावक गण और विद्यालय के शिक्षक प्रमुख रूप से उपस्थित हुए जिसमें विद्यालय के प्राचार्य सुनील चौधरी, सुरेश कुमार अहिरवार, राजेश्वर प्रसाद यादव , नेहा परिहार, राजेंद्र प्रसाद पटेल राजेश मिश्रा, अतुल मिश्रा सतेंद्र धर द्विवेदी उमेश शुक्ला अंजली सिंह नीलेश कुमार जयसवाल अजय कुमार केवट और समस्त स्टाफ और बच्चो ने समस्त ग्रामवासियो को रैली के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिए

5 दिनों में 70 किसानों के धान व अरहर की खेती को जंगली हाथियों ने किया चौपट

वन परिक्षेत्र बिहारपुर में हाथियों का उत्पात जारी ,दहशत में रात गुजार रहे ग्रामीण

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल
सुरजपुर जिले के वन परिक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है 31 अक्टूबर 2023 से 03 नवम्बर तक में ग्राम पंचायत पासल, कछिया, नवडीहा, बसनारा मोहरसोप व जुड़वनिया में 70 किसानों का लगभग 30 से 35 जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। क्षेत्र में हाथी ने ग्रामीणों के धान व अरहर की फसलों को खा कर रौंद कर चौपट कर दिए हैं। वही ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कई महीनो से क्षेत्र में हाथियों का उत्पाद जारी है अब तक लगभग 150 से 200 किसानों का फसल को खाकर रौंद कर चौपट कर दिए हैं। वहीं ठंड के महीने में ग्रामीण रात जागरण करने के लिए मजबूर हैं। वही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान व वन परक्षेत्र बिहारपुर के वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों को कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है ना नहीं जंगली हाथियों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं शासन-प्रशासन की ओर से मिलने वाली हाथी प्रभावित क्षेत्र में ना ही टॉर्च का वितरण किया गया है नहीं बचने के लिए उपाय सामग्री मिला है जिससे ग्रामीण काफी आक्रोश में है

हर वर्ष दर्जनों जंगली हाथी यहां देते हैं बच्चा

ग्राम पंचायत मोहरसोप के पटेल ने बताया सूरजपुर जिले के सीमावर्त क्षेत्र में गुरु घासीदास का घना जंगल एवं लगभग दर्जनों गांव में विद्युत लाइट की उजाला नहीं होने से क्षेत्र में हाथियों का झुंड लगभग 5 साल से क्षेत्र में डटे हुए हैं कभी गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में तो कभी तमोर पिंगला अभ्यारण वही कभी वन परक्षेत्र बिहरपुर के जंगलों में जंगली हाथियों का डेरा जमा हुआ। ग्राम बसनारा के जंगल व नदी में हर वर्ष दर्जनों जंगली हाथियों द्वारा बच्चा दिया जाता है जिससे क्षेत्र को और ही प्रभावित कर रहे हैं

